Commissionerate of College Education.
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan (India)
Website: https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship

F7(4)/SVS/Acad/CCE/2024/ Date: 20-05-2024

विज्ञप्ति

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के मेधावी छात्रों को देश विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/ संस्थानों में अध्ययन करने के लिए स्वामी विवेकानंद स्कालरशिप फॉर अकादमिक एक्सीलेंस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

योजना के अनुसार छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुल 500 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी। योजना का उद्देश्य राजस्थान राज्य के मूल निवासी, ऐसे विद्यार्थी जो स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर, पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरल कोर्सेज हेतु विदेश में नवीनतम टाइम्स हायर एजुकेशन वैश्विक रैंकिंग अनुसार सूचीबद्ध किये हुए 1 - 150 विश्वविद्यालयों / संस्थानों में समस्त विषयों में एवं देश के 1 - 50 तक NIRF संस्थानों में उच्च अध्ययन के लिए चुने गए हैं उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करना है. दुनिया भर के शीर्ष 1-150 टाइम्स हायर एजुकेशन रैंक वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए कुल 300 सीटें आवंटित की गई हैं। भारतीय संस्थानों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष 1-50 एनआईआरएफ रैंक वाले भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए 200 सीटें आवंटित की गई हैं। जिन छात्रों ने अर्हता परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक प्राप्त किए हैं वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। योजना के तहत छात्रों को उनकी आय श्रेणी के अनुसार वित्तीय लाभ दिया जाएगा, यानी E1 श्रेणी (वार्षिक आय 8 लाख प्रति वर्ष से कम), E2 श्रेणी (वार्षिक आय 8 से 25 लाख प्रति वर्ष के बीच) और E3 श्रेणी (वार्षिक आय 25 लाख से अधिक) I केवल E1 श्रेणी के छात्र ही इस योजना के तहत भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30% सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित की जाएंगी।

ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन पोर्टल 20/05/2024 को दोपहर 12 बजे से https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship पर सक्रिय होगा। आवेदन, चयन और फंड वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। उम्मीदवारों का मूल्यांकन चार चरणों में किया जाएगा –

- चरण 1 - 20/5/24 से 20/6/24
- चरण 2 - 21/6/24 से 31/7/24
- चरण 3 - 01/8/24 से 15/11/24
- चरण 4 - 16/11/24 से 15/01/25

प्रत्येक चरण में चयन में E1 श्रेणी के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी एवं नवीनतम समेकित दिशानिर्देश https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship पर उपलब्ध हैं ।

RajKaj Ref
7308409

Signature Not Verified

Digitally signed by Shruti Gupta
Designation : Professor
Date: 2024.05.20 11:52:19 IST
Reason: Approved